2019

HINDI

(Major)

Paper : 5.2

(Hindi Ka Kahani Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) मुन्नी कैसी पाजेब पहनना चाहती है?

(ख) 'पाजेब' शब्द का अर्थ क्या है?

(ग) पठित कहानी को छोड़कर ज्ञानरंजन द्वारा लिखित दूसरी एक कहानी का नाम लिखिए।

(घ) अमृतसर में स्थित 'उपेक्षित-सा बाजार' का नाम लिखिए।

(ङ) भोलाराम की उम्र कितनी थी?

(च) 'मैं हार गयी' किसकी कहानी है?

(छ) गजाधर बाबू ने किस महीने में गणेशी को अपनी बिटिया की शादी कराने के लिए कहा था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "साढ़े-सात साल पहले तू बेटे, इतना-सा था"—कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ख) पारस बाबू के लिए चंदा ने थाली में क्या-क्या रखे थे?

(ग) संसार की दृष्टि में गजाधर बाबू का जीवन कैसा रहा?

(घ) प्रेमचंद द्वारा लिखित किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) "आजकल सभी ऐसे होते हैं। पेट काटकर जिन्हें पालो-पोसो उन्हीं की आँखों में दो बूँद आँसू नहीं" —आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) भोलाराम का जीव कैसे लापता हो गया था?

(ग) गजाधर बाबू के जीवन में गणेशी का क्या महत्त्व है?

(घ) 'तिरिछ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ङ) शामनाथ बरामदे में कौन-सा दृश्य देखकर क्रुद्ध हो उठे और क्यों?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"यह है आजादी! पहले विदेशी सरकार लोगों को कैद करती थी कि वे आजादी के लिए लड़ना चाहते थे; अब अपने ही भाई अपनों को तनहाई कैद दे रहे हैं; क्योंकि वे आजादी के लिए ही लड़ाई रोकना चाहते हैं।"

अथवा

"महाराज, आप क्यों इस झंझट में पड़ गए। आप अगर साल भर भी यहाँ चक्कर लगाते रहें तो भी काम नहीं होगा।"

5. हिन्दी कहानी के उद्भव और विकास पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

अथवा

कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'पाजेब' **अथवा** 'वापसी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

6. कहानीकार के रूप में चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' **अथवा** यशपाल का परिचय दीजिए। 10

★★★